**2021**

( Held in 2022 )

# HINDI

Paper : HIN-HE-5016

**( लोक-साहित्य चिंतन )**

( Honours Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'ऋग्वेद' में 'लोक' शब्द के लिए अन्य किस शब्द का प्रयोग भी उपलब्ध होता है?

(ख) डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने 'फोकलोर' शब्द के लिए हिन्दी पर्यायवाची शब्द क्या बताया है?

(ग) भारत में लोकगीतों का बीज किस प्राचीन ग्रंथ में पाया जाता है?

(घ) यक्षगान क्या है?

(ङ) संस्कार-संबंधी किसी एक गीत का नामोल्लेख कीजिए।

(च) रामलीला की कोई एक विशेषता बताइए।

(छ) 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?

(ज) पं० रामनरेश त्रिपाठी ने 'फोक' शब्द के हिन्दी पर्याय के रूप में हिन्दी का कौन-सा शब्द सुझाया है?

(झ) 'जात्रा' लोक-नाट्य का संबंध मुख्य रूप से भारत के किस प्रांत से है?

(ञ) किसी एक लोक-कथा का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य के कोई दो अंतर लिखिए।

(ख) लोक-साहित्य के संकलन की किन्हीं दो कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

(ग) ऋतु-संबंधी गीतों में से किन्हीं दो के नामोल्लेख कीजिए।

(घ) परिकथा का वर्ण्य-विषय क्या है?

(ङ) नागकथा की विषय-वस्तु क्या है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $5 \times 4 = 20$

(क) लोकवार्ता से आप क्या समझते हैं?

(ख) जातिगीत की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) साहित्य और लोक का अंतःसंबंध स्पष्ट कीजिए।

(घ) लोक-नाट्य 'नौटंकी' का परिचय दीजिए।

(ङ) लोक-कथा के दो स्रोतों पर प्रकाश डालिए।

(च) श्रमगीत का परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) लोक-साहित्य की विविध परिभाषाओं का विवेचन करते हुए एक उचित परिभाषा निर्धारित कीजिए।

(ख) लोक-साहित्य के अध्ययन की समस्याओं पर विचार कीजिए।

(ग) भारत में लोक-साहित्य के अध्ययन के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

(घ) लोक-कथा की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) लोकगीत के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।

(च) संस्कार गीतों के भेदों का उदाहरण सहित विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

(छ) हिन्दी लोक-नाट्य की परम्परा पर प्रकाश डालिए।

(ज) लोक-नाट्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

★ ★ ★